जल्द ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कराएगी सरकार

आईआईडीसी बोले, प्रदेश में अब युवाओं के लिए रोजगार की असीम संभावनाएं

सचिन मुद्गल

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश करार के बाद सरकार जल्द ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित कर इन करारों को धरातल पर उतारेगी। जैसे-जैसे यह सेरेमनी होगी, वैसे-वैसे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की असीम संभावनाएं बनेंगी। समिट के सफल आयोजन के लिए बीते छह माह तक दिन रात एक करने वाले अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) अरविंद कुमार ने अमर उजाला से विशेष बातचीत में यह बात कही।



अरविंद कुमार

बच्चे भी देंगे रोजगार

अरविंद कुमार ने कहा कि स्टार्टअप प्रदर्शनी में 12 से 18 साल तक के बच्चों के स्टार्टअप में तैयार तकनीक और उत्पाद आश्चर्यजनक हैं। स्टार्टअप को निवेशकों का सहयोग मिल रहा है। इसके बाद यूपी के बच्चे भी लोगों को रोजगार देंगे।

उद्यमी मित्रों की भूमिका अहम होगी

उद्यमी मित्र नियुक्त करने की कार्यवाही जल्द शुरू की जाएगी। उन्हें सेक्टर या क्षेत्रवार निवेशकों की सूची सौंपकर निवेश को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उद्यमी मित्रों के कामकाज की समीक्षा होगी। उनके सामने आने वाली समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

परीक्षण के बाद करार : उद्यम स्थापित करने के लिए आए प्रस्तावों का परीक्षण करने के बाद करार हुए। प्रस्ताव की व्यवहारिकता देखी गया। जिला स्तर पर हुए करार को जमीन पर उतारने के लिए डीएम व जिला उद्योग बंधु के स्तर पर उनकी सतत निगरानी की जाएगी। प्रदेश स्तर से भी नियमित समीक्षा होगी।

अरविंद कुमार इसी 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवानिवृत्ति से पहले समिट का आयोजन उनके सेवाकाल में एक कीर्तिमान की तरह जुड़ा है। अरविंद ने कहा कि करार करने वाले प्रत्येक निवेशक से लगातार संपर्क व संवाद किया जाएगा, जिससे कि अधिक से अधिक करार को धरातल पर उतारा जा सके। इसके लिए संबंधित सेक्टर से जुड़े विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।